(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF FINANCE (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) and (b) Numerous representations have been received from various quarters, suggesting increase in the income limit for tax purposes.

The suggestions made in the various representations will be considered during the budgetary exercise for the Budget 1990-91. The decision of the Government will be reflected in the Finance Bill, 1990 which will be introduced in the Parliament during its Budget Session.

Advice of World Watch Institute of USA on abandoning of the Sardar Sarovar Project

354. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that World Watch Institute of USA advised India to abandon the Sardar Sarovar Project and instead to have hundreds of smaller irrigation projects; and

(b) if so, what is Governments reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI MANOBHAI KOTADIA): (a) No such recommendation has come to the notice of the Government.

(b) Does not arise.

बिहार के धनबाद कोयला क्षेत्र के बैंकों में फर्जी तथा बेनामी खाते

355. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार धनबाद के कोयला क्षेत्र में बैंकों की विभिन्न शाखाओं में बहुत बड़ी संख्या में फर्जी तथा बेनामी खाते खुले हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस बारे में कोई छानबीन करने का विचार रखती है ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) और (ख) धनबाद कोयला क्षेत्र में अपनी जांच-पड़ताल के दौरान आयकर प्राधिकारियों को कतिपय संदिग्ध बेनामी बैंक खातों का पता चला है । इनमें से कुछ खातों के बारे में केन्द्रीय जांच ब्यूरो भी जांच-पड़ताल कर रहा है । इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि बेनामी या फर्जी खाते न खोले जाएं, इस बारे में भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को विस्तृत मार्ग निर्देश जारी किए हैं ।

भारतीय रिजर्व बैंक को स्वायत्तशासी संस्था का दर्जा दिया जाना

356. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रिजर्व बैंक को स्वायत्तशासी निकाय बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) और (ख) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अन्तर्गत स्थापित एक सांविधिक निकाय होने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के पास अधिनियम के उपबंधों के तहत उसे सौंपे गए कार्यों के निष्पादन के लिये अपेक्षित शक्तियां हैं । भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यकरण में सुधार लाने के लिये सरकार समय-समय पर अधिक स्वायत्तता देने के साथ-साथ अन्य यथा अपेक्षित कार्रवाई करेगी ।

देश में सोने की तस्करी

357. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में देश में सोने की तस्करी में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो इसके मुख्य कारण क्या हैं; और

(ग) दिसम्बर, 1989 के महीने में अभी तक कुल कितना तस्करी का सोना पकड़ा गया है ?

वित्त मंत्री (प्रो. मधु दंडवते) : (क) और (ख) चूंकि तस्करी चोरी-छिपे किए जाने वाला एक धन्धा है, इसलिए यह अनुमान लगा पाना संभव नहीं है कि देश तस्करी द्वारा लाए गए सोने की मात्रा में वृद्धि हुई है अथवा कमी हुई है । सोना तस्करी-द्वारा देश में लाए जाने के लिए परम्परागत रूप से आकर्षण की वस्तु रही है तथा इसके कारण नीचे दिए गए हैं :—

1. सामाजिक रीति-रिवाजों के कारण देश में इसकी अधिक मांग;

2. निश्चिन्तता के लिए तथा मुद्रा स्फीति के अभाव के प्रति गुप्त संचय के प्रयोजनार्थ इसकी मांग ।

3. देश में इसका नगण्य उत्पादन एवं आपूर्ति;

4. अन्तरराष्ट्रीय बाजारों में इसके कम मूल्यों तथा अन्तर्देशीय बाजारों में इसके उच्च मूल्यों के बीच भारी फर्क होने के कारण लाभकारिता ।

तथापि, सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान पकड़े गए सोने की मात्रा एवं इसका मूल्य नीचे सारणी मे दिया गया है :—

वर्ष	पकड़े गए सोने की मात्रा (किलोग्राम में)	पकड़े गए सोने का मूल्य (करोड़ रुपयों में)
1987	2255	65.78
1988	6094	200.53
1989* (21-12-1989 तक)	8035	253.79

*आंकड़े अनन्तिम हैं ।

पकड़े गए निषिद्ध सोने की मात्रा एवं इसके मूल्य में जो वृद्धि हुई है, उससे आवश्यक रूप से यह संकेत नहीं मिलता कि तस्करी सम्बन्धी गतिविधियों में वृद्धि हुई है परन्तु ऐसा तेज किए गए तस्करी-रोधी उपायों के कारण से हो सकता है ।

(ग) संपूर्ण देश में दिसम्बर, 1989 के महीने के दौरान (21-12-1989) तक 143.796 किलोग्राम निषिद्ध सोना पकड़ा गया है ।

Procurement of Iron Ore by MMTC from Orissa

358. SHRI BAIKUNTHA NATH SAHU: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) the target set by MMTC during 1988-89 and 1989-90 for the procurement of iron ore from different mines in Orissa;

(b) the actual achievement of MMTC in this regard by the end of November, 1989; and

(c) the details of steps taken by MMTC to increase the procurement of iron ore from different sectors in Orissa?

THE MINISTER OF COMMERCE AND TOURISM (SHRI ARUN KUMAR NEHRU): (a) and (b) No separate target is fixed for procurement of iron ore from mines in Orissa. The target fixed for procurement of iron ore from mines in Orissa and Bihar during 1988-89 and 1989-90 and the procurement of iron ore there against are given below:

(Qty. in lakh tonnes)

Year	Target fixed	Procurement		
		Bihar	Orissa	Total
1988-89	11.30	0.89	10.36	11.25
1989-90 (upto Nov.)	24.00	1.02	8.40	9.42